Email: upsgvb@yahoo.in

दुरभाषः 0522 2238844,3056439
PHONES: 3056423, 3056415
फैक्स : 0522 2239806

उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0

प्रधान कार्यालय : 10, माल एवेन्यू, लखनऊ

पत्रांक - 79030 /ऋणपत्र/2017-18 दिनॉक-18.04.17

समस्त प्रबन्धक श्रेणी–1/2,
उ0प्र0सह0ग्राम विकास बैंक लि0,
उत्तर प्रदेश।

कृपया प्रधान कार्यालय के पत्रांक 98627/सावधि जमा/2016-17 दिनांक 16.02.2017 का संदर्भ ग्रहण करें। उक्त पत्रांक द्वारा समस्त शाखाओं को निर्देशित किया गया था कि शाखायें सावधि जमा के धनमांग की सूचना के0वाई0सी0 की प्रति, सावधि जमा रसीद संख्या की प्रति/सावधि जमा काउन्टर फाईल की प्रति तथा पैन नम्बर की प्रति संलग्न कर निर्धारित प्रारूप पर पूर्ण विवरण अंकित करते हुये प्रेषित करेंगी। किन्तु अधिकांश शाखाओं द्वारा उपयुक्त संलग्नकों के बिना अथवा/एवं अपूर्ण सूचनायें प्रेषित की जा रही है। जिससे अनावश्यक पत्राचार/दूरभाष पर वार्ता के कारण विलम्ब होता है। उपरोक्त क्रम में आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि पत्रांक 98627/सावधि जमा/ दिनांक 16.02.2017 के क्रम में उपयुक्त संलग्नकों सहित निर्धारित प्रारूप पर सावधि जमा हेतु धनमांगपत्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में सावधि जमा के सापेक्ष शाखाओं द्वारा प्राप्त धनमांगपत्रों पर न तो कोई विचार किया जायेगा और न ही वांछित धनराशि प्रेषित की जायेगी।

ह0/
(अनिल कुमार पाण्डेय)
प्रबन्धक श्रेणी-3(सावधि जमा)

प्र?तिलिपि- निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. समस्त शाखा प्रबन्धक (जिला स्तरीय), उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0 को इस निर्देश के साथ कि उक्त पत्र की प्रति अपने जिले की समस्त शाखाओं को प्राप्त कराते हुये उक्तानुसार सूचना प्रेषित कराना सुनिश्चित करें।

2. उप महाप्रबन्धक (आई0टी0सेल), प्र0का0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त पत्र समस्त प्रबन्धकों को ई-मेल द्वारा प्रेषि कराना सुनिश्चित करें।

ह0/
प्रबन्धक श्रेणी-3(सावधि जमा)